# दिल्ली विधान सभा
# DELHI LEGISLATIVE ASSEMBLY

( चतुर्थ विधान सभा )
{ FOURTH ASSEMBLY }

## सरकारी आश्वासन समिति
## COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES

## तृतीय प्रतिवेदन
## THIRD REPORT

दिनांक 12.12.2012 को प्रस्तुत किया गया
PRESENTED ON 12.12.2012



दिल्ली विधान सभा सचिवालय, दिल्ली
DELHI LEGISLATIVE ASSEMBLY SECRETARIAT, DELHI

# दिल्ली विधान सभा

( चतुर्थ विधान सभा )

## सरकारी आश्वासन समिति

तृतीय प्रतिवेदन

( 12.12.2012 को प्रस्तुत किया गया )

### समिति का गठन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री हरशरण सिंह बल्ली | सभापति |
| 2. | श्री बलराम तँवर | सदस्य |
| 3. | श्री नसीब सिंह | सदस्य |
| 4. | श्री सुभाष सचदेवा | सदस्य |
| 5. | श्री श्याम लाल गर्ग | सदस्य |
| 6. | श्री राजेश लिलोठिया | सदस्य |
| 7. | श्री अनिल कुमार | सदस्य |
| 8. | श्री नीरज बसोया | सदस्य |
| 9. | श्री शोएब इक़बाल | सदस्य |

### सचिवालय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री पी०एन० मिश्रा | सचिव |
| 2. | श्री लाल मणी | उप सचिव |
| 3. | श्री एस०के० सिक्दार | उप सचिव |

पृष्ठ -3/- पर जारी ..

# प्रतिवेदन

मैं, दिल्ली विधान सभा की सरकारी आश्वासन समिति का सभापति, समिति द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किये जाने पर एतदद्वारा **मार्च, 2011 से नवम्बर, 2012** की अवधि हेतु यह प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ । सरकारी आश्वासन समिति ने इस प्रतिवेदन को दिनाँक **10 दिसम्बर, 2012** को सम्पन्न हुई बैठक में अपनी सहमति प्रदान की।

समिति का मुख्य उत्तरदायित्व मन्त्रियों द्वारा सदन पटल पर समय-समय पर दिये गये आश्वासनों, वायदों, वचनों आदि की जाँच करना या विवरण देना है कि वह किस सीमा तक कार्यान्वित किये गये हैं और जहाँ कार्यान्वित किये गये हैं, क्या उनका कार्यान्चयन उस उद्देश्य विशेष के लिए निर्धारित की गई सीमा के अन्दर किया गया अथवा नहीं ?

चतुर्थ विधान सभा के कुल 382 आश्वासन छाटे गये थे, जिनमें से 53 आश्वासन जोकि सितम्बर, 2012 तक की निर्धारित समयावधि में पूर्ण होने थे, उन्हें समिति के समक्ष रखा गया । प्रतिवेदन में दी गई अवधि के दौरान समिति ने कुल 07 बैठकें आयोजित की, जिसमें उक्त 53 आश्वासनों 36 आश्वासनों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने अपनी बैठकों में इन आश्वासनों से सम्बन्धित विभागों के प्रतिनिधियों से भी स्पष्टीकरण प्राप्त किये। समिति द्वारा विचार किये गये इन 53 आश्वासनों में से **13** आश्वासनों को पूर्ण हुआ मान लिया गया । अभी 40 आश्वासन ऐसे हैं जिनकी क्रियान्वयन सूचना विभागों से प्राप्त होनी शेष है । समिति द्वारा जिन 13 आश्वासनों को पूर्ण मान लिया गया है उनका विस्तृत विवरण अनुलग्नक-। व संक्षिप्त विवरण अनुलग्नक-3 में दर्शाया गया है । इसके अतिरिक्त उपर्युक्त 36 आश्वासनों में से **23 आश्वासनों को समिति ने लम्बित रखा उनका विस्तृत विवरण अनुलग्नक-2 व संक्षिप्त विवण में अनुलग्नक-4** में दर्शाया गया है ।

आश्वासनों की पूर्ति करने के संबंध में समिति ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आश्वासनों की पूर्ति करने हेतु विभाग उत्तरदायित्व पूर्ण रवैया अपनाए ताकि उनको निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने में अनावश्यक व अनुचित विलम्ब न हो सके ।

समिति ने विभागीय अधिकारियों को बताया कि विभागों द्वारा आश्वासनों को पूर्ण करने के मामले में गम्भीर न होने के कारण जन-कल्याण के कार्यो में बाधा आती है और आश्वासन पूर्ण होने में अनावश्यक विलम्ब होता है तथा समिति ने विभागीय अधिकारियों को ये भी निर्देश दिये कि सम्बन्धित विभागों को आश्वासनों के उत्तर निर्धारित समय में प्रस्तुत करने के लिए हर सम्भव प्रयास करने चाहिये ताकि सरकार द्वारा सदन में दिये गये आश्वासनों का प्रयोजन पूरा हो सके । समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी भी आश्वासन को पूरा करने में अनावश्यक विलम्ब हुआ है तो समिति सम्बन्धित विभाग के दोषी अधिकारियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने की अनुशंसा करने को बाध्य होगी ।

**पृष्ठ -4/- पर जारी ..**

समिति विशेष रूप से अनुशंसा करती है कि यह सम्बन्धित विभाग का दायित्व होगा कि जो आश्वासन क्रियान्वयन के उपरान्त पूर्ण हो जाते हैं उनकी सूचना अविलम्ब तथा ऐसे प्रश्न जिनका उत्तर *"सूचना एकत्रित की जा रही है"* दिया जाता है उनसे सम्बन्धित सूचना इस सचिवालय को आश्वासन सदन में देने के दो सप्ताह के भीतर अनिवार्य तौर पर दी जानी चाहिये।

मैं समिति के सुचारू रूप से कार्य-संचालन में बहुमूल्य योगदान देने के लिए समिति के माननीय सदस्यों का आभार प्रकट करता हूँ । यह समिति विधान सभा सचिवालय के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों की भी प्रशंसा करती है जिन्होंने समय-समय पर समिति की बैठकों को सफलतापूर्वक आयोजित करने, आवश्यक सामग्री जुटाने और समय पर समिति का प्रतिवेदन तैयार करने हेतु समिति को सहयोग दिया ।

समिति ने **श्री हरशरण सिंह बल्ली** और उनकी अनुपस्थिति में **श्री नसीब सिंह** को सदन में **समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किया** ।

10/12/12

**( हरशरण सिंह बल्ली )**
**सभापति**
सरकारी आश्वासन समिति

स्थान : दिल्ली
दिनाँक : ***10*** दिसम्बर, 2012

पृष्ठ -5/- पर जारी ..

**अनुलग्नक-1**

## समिति की बैठकों में विचार-विमर्श के उपरान्त पूर्ण हुए आश्वासनों का विवरण

## सिंचाई एवं बाढ़ विभाग

**आश्वासन क्रमांक : 182** **निर्णय : पूर्ण**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 215**
**दिनांक : 22.03.2010**

माननीय सदस्य **श्री कुलवंत राणा द्वारा बाहरी दिल्ली में मंगोलपुरी से आउटर रिंग रोड वजीराबाद तक सप्लीमेंट्री ड्रेन के दोनों ओर चारदीवारी करवाने के संबंध में** उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

**जो कार्य प्रगति पर है उनको वर्ष 2010-11 में पूरा करने का लक्ष्य है।**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि **मंगोलपुरी से आउटर रिंग रोड से वजीराबाद तक दीवार बनाने का काम विभिन्न अनुबंधों के अनुसार पूरा कर लिया गया है।**

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा **दिये गये उत्तरों से संतोष प्रकट किया और आश्वासन की पूर्ति माना।**

**आश्वासन क्रमांक : 183** **निर्णय : पूर्ण**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 220**
**दिनांक : 22.03.2010**

माननीय सदस्य **श्री हसन अहमद द्वारा मुस्तफाबाद में स्थित ब्रजपुरी से चांद बाग की पुलिया के बीच बहने वाले नाले की खराब हालत के संबंध में** उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

**इस नाले की सफाई का कार्य चल रहा है जो कि मई-जून तक पूरा करा लिया जाएगा तथा उसके पश्चात् इस नाले के सभी अवरोध हटाने के लिए रख-रखाव का कार्य अक्टूबर, 2010 तक** का अनुबंध किया गया है व इस नाले को ढकने के लिए वर्तमान में कोई योजना प्रस्तावित नहीं है।

उपरोक्त नाले की सफाई का कार्य व रख-रखाव का कार्य **31 अक्टूबर, 2010 को पूरा कर दिया गया और वर्तमान में इस नाले को ढकने की कोई योजना नहीं है।**

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा** दिये गये उत्तरों से संतोष प्रकट किया और आश्वासन को पूर्ण माना।

**पृष्ठ -6/- पर जारी ..**

# शहरी विकास विभाग

निर्णय : पूर्ण

**आश्वासन क्रमांक : 126**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 24**
**दिनांक : 17.03.2010**

माननीय सदस्य **चौ. मतीन अहमद द्वारा शास्त्री पार्क नं. 2 में भूमिगत जलाशय का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाएगा के संबंध में** उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

**इस जलाशय का निर्माण कार्य अप्रैल, 2010 तक पूर्ण होने का अनुमान है।**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि **यह भूमिगत जलाशय मई, 2010 के प्रथम सप्ताह में चालू कर दिया गया है।**

समिति ने विभागीय प्रतिनिधि द्वारा **दिये गये उत्तर से संतोष प्रकट किया और आश्वासन को पूर्ण माना।**

निर्णय : पूर्ण

**आश्वासन क्रमांक : 127**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 29**
**दिनांक : 17.03.2010**

माननीय सदस्य **श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा माँ आनन्दमयी मार्ग पर भूमिगत जलाशय का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा एवं किन स्त्रोतों से पानी उपलब्ध कराया जाएगा और इस जलाशय से पानी की आपूर्ति के लिए पाइप लाइन कब तक डाल दी जाएगी के संबंध में** उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

**उपरोक्त कार्य सितम्बर, 2010 तक पूर्ण होने की संभावना है।**

इस जलाशय से पानी की आपूर्ति के लिए परिधीय पाइप लाइन का कार्य 93 प्रतिशत लगभग पूर्ण कर लिया गया है और शेष पाइप लाइन डालने के लिए दिल्ली नगर निगम से अनुमति प्राप्त करने हेतु प्रयासरत है।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को अवगत कराया कि **भूमिगत जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है** तथा ओखला जलशोधन संयंत्र के लिए कच्चे पानी की उपलब्धता के लिए भारत सरकार एवं दिल्ली सरकार द्वारा हरियाणा सरकार से प्रयास जारी है।

परिधीय लाइनें डाली जा चुकी हैं जिनको ओखला जल संयंत्र के लिए हरियाणा सरकार द्वारा कच्चा पानी उपलब्ध कराने पर चालू कर दिया जायेगा।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा **दिये गये उत्तरों से संतोष प्रकट किया और आश्वासन को पूर्ण माना।**

पृष्ठ -7/- पर जारी ..

निर्णय : पूर्ण

**आश्वासन क्रमांक : 128**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 33**
**दिनांक : 17.03.2010**

माननीय सदस्य **श्री सुरेन्द्रपाल रातावाल द्वारा चन्द्रावल में पानी के चैनल की मरम्मत और सफाई कार्य होने के कारण करोलबाग विधान सभा क्षेत्र में दिनांक 23.07.2009 से प्रातःकाल एक ही समय पानी दिया जाने के संबंध** में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

**इस संबध में एम.एस. पाइप लाइन का कार्य शुरू होने जा रहा है तथा यह कार्य अप्रैल, 2011 तक पूरा होना है।**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को बताया कि **यह कार्य लगभग 88 प्रतिशत किया जा चुका है तथा मार्च, 2012 तक पूर्ण होने की संभावना है।** शेष 12 प्रतिशत कार्य बचा है तो यह कार्य पूरा हो जायेगा। अतः इस आश्वासन को पूर्ण समझा जाये।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधिय द्वारा **दिये गये उत्तर से संतोष प्रकट किया और आश्वासन को पूर्ण माना।**

निर्णय : पूर्ण

**आश्वासन क्रमांक : 129**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 73**
**दिनांक : 17.03.2010**

माननीय सदस्य **श्री साहब सिंह चौहान द्वारा जगजीत नगर, करतार नगर, उस्मानपुर, एक्स ब्लॉक ब्रह्मपुरी, घोंडा, गौतम विहार, गावड़ी व गावड़ी विस्तार, जयप्रकाश नगर में प्रतिदिन सीवर, मेनहॉलों में ओवरफ्लो के संबंध में** उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

**सीवर की सफाई का कार्य ठेके पर आवंटित किया हुआ है और लगभग दो माह में पूरा कर दिया जाएगा।**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को **जानकारी दी कि उपरोक्त क्षेत्रों में सीवर लाइन की सफाई का कार्य वर्क ऑर्डर संख्या 179 दिनांक 15.02.2010 के द्वारा आबंटित करने के पश्चात् 20.03.2010 तक पूरा कर दिया गया है।**

समिति ने विभागीय प्रतिनिधिय द्वारा दिये गये **उत्तर से संतोष प्रकट किया और आश्वासन को पूर्ण माना।**

पृष्ठ -8/- पर जारी ..

**आश्वासन क्रमांक:114** **निर्णय: पूर्ण**
**तारांकित प्रश्न संख्या-65**
**दिनांक 14.12.2009**

माननीय सदस्य **श्री धर्मदेव सोलंकी द्वारा पालम गांव में तीन स्थानों पर बारात घर बनाने का कार्य कब तक प्रारम्भ करने, पूरा करने एवं इन पर कितना खर्च आयेगा, के संदर्भ में** उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में विकास मंत्री ने आश्वासन दिया था कि-

**यह बारात घर एम.पी.फंड से 139.67 लाख रुपये की लागत से बनवाया जा रहा है तथा इसको मई, 2010 तक पूरा करने का लक्ष्य है।**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को **जानकारी दी कि यह कार्य दिनांक 07.03.2011 को पूरा हो चुका है।**

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये **उत्तर से संतोष प्रकट किया और आश्वासन की पूर्ति माना।**

**आश्वासन संख्या-115** **निर्णय: पूर्ण**
**अतारांकित प्रश्न संख्या:187**
**दिनांक 14.12.2009**

माननीय सदस्य श्री सुरेन्द्र कुमार द्वारा गोकुलपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत **नालों की मरम्मत,नालों के साथ बने रोड की मरम्मत का कार्य पूरा किये जाने** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय विकास मंत्री ने आश्वासन दिया था कि:

**यह कार्य जून, 2010 तक पूरा करने का अनुमान है।**

विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को जानकारी दी कि एस्केप ड्रेन नंबर-2 व इसके साथ बनी सड़क की मरम्मत का कार्य दिनांक 28.02.2010 को पूरा कर दिया गया है।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये **उत्तर से संतोष प्रकट किया और आश्वासन की पूर्ति माना।**

**आश्वासन संख्या-116** **निर्णय: पूर्ण**
**अतारांकित प्रश्न संख्या:189**
**दिनांक 14.12.2009**

माननीय सदस्य डॉ.एस.सी.एल.गुप्ता द्वारा संगम विहार विधान सभा क्षेत्र में **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा लम्बित कार्यों को पूरा किये जाने** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय विकास मंत्री ने आश्वासन दिया था कि: **यह कार्य मई, 2010 तक पूरा करने का अनुमान है।**

**पृष्ठ -9/- पर जारी ..**

विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को जानकारी दी कि इस क्षेत्र के चारों लम्बित कार्य मई, 2010 तक पूरे किये जा चुके हैं।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तर से संतोष प्रकट किया और आश्वासन की पूर्ति माना।**

## लोक निर्माण विभाग

**आश्वासन क्रमांक : 102** **निर्णय : पूर्ण**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 38**
**दिनांक : 10.12.2009**

माननीय सदस्य श्री साहब सिंह चौहान द्वारा **खजूरी खास से शास्त्री पार्क तक एस.एम. बांध रोड के समानान्तर सर्विस रोड के निर्माण** संबंधी अनुमान तैयार करने के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

**वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद इस कार्य को शुरू किया जाएगा तथा शुरू होने के बाद यह कार्य 9 महीने में पूरा किया जाएगा।**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि इस कार्य के ऐस्टिमेट की सैंक्शन (5.92 करोड़ रुपये) 16 मार्च, 2011 को मिल गई थी और इसके टेंडर भी अवार्ड हो गये हैं तथा **जून, 2011 से कार्य शुरू हो चुका है और नौ महीने के अंदर इसको पूरा कर लिया जाएगा।**

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तरों से संतोष प्रकट किया और आश्वासन की पूर्ति माना।

## शिक्षा विभाग

**आश्वासन संख्या-10** **निर्णयः पूर्ण**
**तारांकित प्रश्न संख्याः 290**
**दिनांक 24.06.2009**

माननीय सदस्य श्री मोहन सिंह बिष्ट द्वारा **करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत खजूरी स्थित वरिष्ठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व माध्यमिक विद्यालय टिन शेड में चल रहे हैं तथा यहां पर विद्यालय भवन कब तक बनकर तैयार हो जायेगा** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया था कि - **डीएसआईडीसी द्वारा कार्य आबंटित कर दिया गया है तथा निर्माण कार्य एक वर्ष की अवधि में समाप्त हो जायेगा।**

**पृष्ठ -10/- पर जारी ..**

विभागीय अधिकारियों ने समिति को जानकारी दी कि उपरोक्त विद्यालय भवन के स्थान पर पक्के भवन का निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया है और केवल कमरों में पंखे लगाने का कार्य शेष है जो कि 27 जून, 2012 तक लग जायेंगे।

**समिति ने विभागीय अधिकारियों द्वारा दिये गये उत्तर से संतोष व्यक्त करते हुए आश्वासन को पूर्ण माना।**

**आश्वासन संख्या-350** **निर्णय: पूर्ण**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 031**
**दिनांक 30.08.2011**

माननीय सदस्य श्री अनिल कुमार द्वारा **राजकीय सहशिक्षा विद्यालय खिचड़ीपुर गांव व ई ब्लाक पश्चिम विनोद नगर और राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय मण्डावली में निर्माण कार्य की एजेंसी का क्या नाम है एवं ये निर्माण कार्य कब तक पूरे हो जायेंगे** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया था कि - **डीएसआईडीसी ने कार्य को सितम्बर 2011 तक समाप्त करने का आश्वासन दिया है।**

विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को जानकारी दी कि पटपडगंज क्षेत्र में स्थित उपरोक्त विद्यालयों के रूपान्तरण का कार्य पूरा हो चुका है।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों के उत्तर से संतोष व्यक्त करते हुए आश्वासन को पूर्ण माना।

**आश्वासन संख्या-388** **निर्णय: पूर्ण**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 05**
**दिनांक 10.01.2012**

माननीय सदस्य श्री नसीब सिंह द्वारा **पूर्वी दिल्ली के विद्यालयों में प्रधानाचार्यों एवं अध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं एवं इन पदों को कब तक भर दिया जायेगा** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया था कि - **प्रधानाचार्यों एवं अध्यापकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है।**

पृष्ठ -11/- पर जारी ..

विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को जानकारी दी कि अब तक जितने भी प्रधानाचार्यों एवं अध्यापकों के पद रिक्त थे उनको भरने के लिये यूपीएससी एवं डीएसएसएसबी को लिख दिया गया है और आशा है कि शीघ्र ही ये सभी रिक्त पद भर दिये जायेंगे। सचिव,शिक्षा ने समिति को जानकारी दी कि विभाग ने 3536 पोस्टें टीचरों की और सैंक्शन करा दी है और उन्हें भी भरने की प्रक्रिया शीघ्र आरम्भ कर दी जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग इस मामले में सीरियस है और विभाग ने यह तय किया है कि जब तक परमानेंट पोस्टें नहीं भरी जाती तब तक स्कूलों में गेस्ट टीचर भरती किये जायेंगे ताकि बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों के **उत्तर से संतोष व्यक्त करते हुए आश्वासन को पूर्ण माना।**

माननीय सदस्य श्री नसीब सिंह ने कुछ स्कूलों का रिकागनाइजेशन हर साल कराने एवं उसमें आ रही दिक्कतों का मामला उठाया।

विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को आश्वस्त किया कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जायेगी।

**पृष्ठ -12/- पर जारी ..**

**अनुलग्नक-2**

## समिति की बैठकों में विचार-विमर्श के उपरान्त लम्बित आश्वासनों का विवरण

## सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग

**आश्वासन क्रमांक : 180** **निर्णय : लंबित**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 211**
**दिनांक : 31.03.2010**

माननीय सदस्य श्री श्याम लाल गर्ग द्वारा नजफगढ़ ड्रेन के किनारों पर रिंग रोड और आउटर रिंग रोड के बीच भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

झुग्गी बस्तियों को हटाने के लिए पाँच पत्र दिनांक 29.03.2006, 13.12.2006, 22.1.2007, 27.06.2007 तथा 12.06.2008 को लिखे गये हैं। कार्रवाई अपेक्षित है जिसके उपरांत उपरोक्त भूमि का कब्जा ले लिया जाएगा।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को बताया कि नजफगढ़ ड्रेन के दोनों तरफ झुग्गी कल्स्टर है। उसके बारे में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड को कई बार चिट्ठी लिखी गई है कि इनको हटाने के बारे में एक्शन प्लान हमें बताया जाये जिससे कि इन अतिक्रमण को हटाकर दूसरा जगह बसाया जाये। हम इस मामले को टेक-अप कर रहे हैं और इसके बारे में उनको लिखा है लेकिन अभी तक उनका कोई जवाब नहीं आया है। अभी जो 6 कलस्टर्स हैं उसमें से एक को डीडीए ने हटाया है और बाकी 5 के बारे में हमने डी.यू.एस.आई.बी. को कई बार लिखा है। उनके एक्शन प्लान का हम इंतजार कर रहे हैं। उसके आने पर इनको रिलोकेट किया जाएगा।

विभागीय प्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि रिंग रोड़ और आउटर रिंग रोड़ के बीच नजफगढ़ ड्रेन के साथ 6 स्थानों पर अतिक्रमण किया गया है। इस नाले के बाएं किनारे पर दो स्थानों में अतिक्रमण किया गया है यह भूमि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की है और इसको हटाने के लिए दिल्ली अरवन सैल्टर इन्प्रुमैंट बोर्ड को लिखा गया है। इसके अलावा रघुबीर नगर पुल के नीचले भाग की ओर शमशान घाट के पास दिल्ली विकास प्राधिकरण की भूमि पर अतिक्रमण था जिसे डीडीए द्वारा हटा दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इन स्थानों पर भूमि स्वामित्व के निर्धारण हेतु 28 जून, 2012 को सर्वे किया जाएगा तथा उसके बाद इन अतिक्रमणों को हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

**पृष्ठ -13/- पर जारी ..**

समिति ने विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में तुरंत कार्यवाही करें। समिति ने यह भी निर्देश दिए कि एक महीने बाद समिति की अगली बैठक में दिल्ली विकास प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों, डी.सी. वैस्ट एवं डी.सी. रैवन्यू को भी बुलाया जाए।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तर से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये ।**

**निर्णय : लंबित**

**आश्वासन क्रमांक : 181**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 213**
**दिनांक : 22.03.2010**

माननीय सदस्य श्री जय किशन द्वारा **सुलतान पुरी और मंगोल पुरी के बीच स्थित सप्लीमैंटरी ड्रेन पर नए पुलों के निर्माण कार्य कब तक शुरू होंगे** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय विकास मंत्री ने आश्वासन दिया था कि -

**इस पुल के कार्य को वित्तीय वर्ष 2010-11 में शुरू करने का लक्ष्य है**।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि इसमें एक नया पुल बन रहा था जो पूरा हो चुका है। एक पुल में क्रैक्स थे जिनका स्ट्रेंग्थन करना है और तीसरे का वाइडनिंग करना है। उसका ऐस्टिमेट सैंक्शन हो चुका है लेकिन ट्रेफिक के अल्टरनेटिव अरेंजमेंट न होने के कारण इसे शुरू नहीं कर पा रहे हैं। इस कार्य के लिए ई.एन.सी. साहब की कंसेंट के बाद किसी चीफ इंजीनियर को इंक्वायरी के लिए नोमिनेट किया जाएगा अगर यह हो जाएगा तो हम जल्दी कार्रवाई करेंगे।

विभागीय अधिकारियों ने यह भी बताया कि सप्लीमैंट्री ड्रेन की आर.डी. 21350 मीटर पर पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है इसके साथ वाले पुल आर.डी.21260 मीटर मच्छी बाजार में दरार आने के कारण इस पर केवल हल्के वाहन ही चलाए जा रहे हैं इस पुल में दरार आने के कारणों की जांच सी.आर.आर.आई. के द्वारा कराई गई है। सी.आर.आर.आई. की रिपोर्ट के आधार पर जांच अधिकारी की नियुक्ति दिनांक 1.05.2012 को की जा चुकी है जो तीन माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद इस पुल के सुदृढ्किरण का कार्य शुरू किया जाएगा यह 2012-13 में पूर्ण करने का लक्ष्य है।

**पृष्ठ -14/- पर जारी ..**

इसी तरह आर.डी. 21000 मीटर पर वर्तमान पुल जो इस समय ट्रैफिक डाईवर्जन के लिए उपयोग किया जा रहा है को तोड कर नया पुल बनाने के लिए निविदाएं आमंत्रित कर इस कार्य को 2013-14 में पूर्ण करने का लक्ष्य है।

समिति ने कहा कि अभी इन कार्यों में बहुत देर लगेगी विभाग इसमें शीघ्र कार्यवाही करे और हर तीन महीने में वस्तुस्थिति से समिति को अवगत कराए।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तर से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये ।**

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तरों से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**निर्णय: लम्बित**

**आश्वासन संख्या-355**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 40**
**दिनांक 30.08.2011**

माननीय सदस्य श्री श्याम लाल गर्ग द्वारा **पश्चिम विहार क्षेत्र में नजफगढ़ ड्रेन के किनारे बनी सड़क को कब तक सुधार दिया जाएगा** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि - **इस रोड़ के साथ वाली जमीन पर एक बस डिपो बनना है तथा इस बस डिपो की योजना के अन्तर्गत इस रोड़ के साथ एक रिटेनिंग वाल/दीवार बनाने का प्रस्ताव भी शामिल है। अत: इस दीवार के साथ सड़क को ठीक करने का कार्य भी किया जाएगा।**

विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को बताया कि नजफगढ़ ड्रेन की बांयी पटरी पर ख्याला पुल से आउटर रिंग रोड़ तक नाले के निरीक्षण हेतु सड़क का निर्माण किया गया है। परन्तु वर्तमान में यह सड़क आम लोगों द्वारा प्रयोग में लायी जा रही है। इस सड़क के साथ वाली जमीन पर एक बस डिपो बनना है तथा इस बस डिपो की योजना के अन्तर्गत इस रोड़ के साथ एक रिटेन्गि वाल/दीवार बनाने का प्रस्ताव भी शामिल है। इस दीवार के साथ सड़क को ठीक करने का कार्य भी किया जाएगा इसके लिए 28.28 करोड़ रूपये की एक योजना दिल्ली परिवहन निगम को भेज दी गई है इस योजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति अभी प्राप्त नहीं हुई है तथा प्राप्त होने के बाद सड़क बनाने का कार्य किया जाएगा।

**पृष्ठ -15/- पर जारी ..**

समिति ने कहा कि अभी इस कार्य में बहुत समय लगेगा इसलिए ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए इस रोड़ की फिलहाल मरम्मत करा दी जाए और इसे रनिंग पोजिशन में लाया जाए।

विभागीय प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि एक महीने के अन्दर रोड़ की मरम्मत करा दी जाएगी।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तर से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये ।**

## लोक निर्माण विभाग

**आश्वासन क्रमांक : 103** **निर्णय : लंबित**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 111**
**दिनांक : 10.12.2009**

माननीय सदस्य चौ. सुरेन्द्र कुमार द्वारा मंडौली जेल रोड का निर्माण का कार्य करने के संबंध में उँठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

इस कार्य को मार्च, 2010 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को बताया कि रोड नं. 63 पर साइकिल ट्रेक का निर्माण कार्य मार्च, 2010 में पूरा हो गया है परंतु मंडोली जेल रोड यमुना विकास बोर्ड के अंतर्गत आती है जिसकी स्वीकृति आनी बाकी है। स्वीकृति आने के पश्चात् छह माह में इस सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण कर दिया जाएगा।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तरों से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**आश्वासन क्रमांक : 104** **निर्णय : लंबित**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 112**
**दिनांक : 10.12.2009**

माननीय सदस्य श्री सुरेन्द्र कुमार द्वारा जौहरीपुर रोड की खराब हालत के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

दिल्ली जल बोर्ड द्वारा सीवर का कार्य संपन्न होने के उपरांत सड़क का पुनर्निर्माण कार्य छह महीने में होना संभावित है।

**पृष्ठ -16/- पर जारी ..**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि यह रोड पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत नहीं आती है। इसको मैं और क्लेरिफाई कर लेता हूँ।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तरों से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**निर्णय : लंबित**

**आश्वासन क्रमांक : 105**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 113**

**दिनांक : 10.12.2009**

माननीय सदस्य श्री सुरेन्द्र कुमार द्वारा नरेला, बादली व घेवरा में रेलवे क्रॉसिंग पर फलाई ओवर/ओवर ब्रिज बनाने की योजना के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

दिल्ली नगर निगम से प्राप्त सूचना के अनुसार बादली रेलवे क्रॉसिंग पर फलाई ओवर/ओवर ब्रिज का कार्य जून, 2010 तक पूरा होना सम्भावित है।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि यह पीडब्ल्यूडी से संबंधित नहीं है।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तरों से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**निर्णय : लंबित**

**आश्वासन क्रमांक : 106**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 114**
**दिनांक : 10.12.2009**

माननीय सदस्य श्री सुरेन्द्र कुमार द्वारा शहर से बवाना औद्योगिक क्षेत्र में जाने के लिए किसी भी सड़क को चौड़ा करने या फिर नई सड़क बनाने की योजना के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

सुचना एकत्रित की जा रही है।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि यह पीडब्ल्यूडी से संबंधित नहीं है।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तरों से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये और अगली बैठक में एमसीडी को बुलाने के लिए कहा।

**पृष्ठ -17/- पर जारी ..**

**निर्णय : लंबित**

**आश्वासन क्रमांक : 146**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 82**
**दिनांक : 22.03.2010**

माननीय सदस्य श्री श्याम लाल गर्ग द्वारा मधुबन चौक से जनकपुरी तक रिंग रोड के साथ वाली सर्विस लाइन को बनाने के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

उपरोक्त कार्य के लिए ऐस्टिमेट तैयार कर लिये गये हैं और वित्तीय स्वीकृति के बाद इसको जल्दी बनाया दिया जाएगा।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि जून, 2011 में ऐस्टिमेट की सैंक्शन मिल गई है। इसके टेंडर आमंत्रित कर लिए गए हैं यह कार्य दिसम्बर में शुरू होकर अगले छह महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तरों से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**निर्णय : लंबित**

**आश्वासन क्रमांक : 147**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 82**
**दिनांक : 22.03.2010**

माननीय सदस्य श्री श्याम लाल गर्ग द्वारा मधुबन चौक से जनकपुरी तक रिंग रोड के साथ वाली सर्विस लाइन को बनाने के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

इस कार्य हेतु प्राक्कलन विचाराधीन है

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा दिये गये उत्तर से समिति संतुष्ट नहीं हुई। अतः आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**निर्णय : लंबित**

**आश्वासन क्रमांक : 148**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 193**
**दिनांक : 22.03.2010**

माननीय सदस्य श्री मनोज कुमार द्वारा मुण्डका विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत नांगलोई चौक से टिकरी बॉर्डर तक सड़क की खराब हालत के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

यह कार्य अप्रैल, 2010 में शुरू कर मार्च, 2011 तक पूर्ण कर लिया जाएगा जिसमें से सड़क के सुदृढ़ीकरण का कार्य सितंबर, 2010 तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

**पृष्ठ -18/- पर जारी ..**

सर्विस रोड व नाले बनाने के कार्य की स्वीकृति माह सितंबर, 2009 में प्राप्त हो गई थी जिसकी निविदाएँ स्वीकृति कर ली गई हैं व यह कार्य जनवरी, 2011 तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को अवगत कराया कि अधिकतर कार्य पूरा हो चुका है शेष कार्य 30 नवंबर, 2011 तक पूरा कर लिया जाएगा।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधि द्वारा दिये गये उत्तर को ध्यान में रखते हुए इस आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**आश्वासन क्रमांक : 149** **निर्णय : लंबित**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 194**
**दिनांक : 22.03.2010**

माननीय सदस्य श्री मतीन अहमद द्वारा सीलमपुर विधान सभा के अंतर्गत पूर्वी पहुँच मार्ग पर पिछले छह वर्षों से स्ट्रेंथनिंग का कार्य न होने के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

स्वीकृति मिलने के बाद लगभग 6 माह में कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को अवगत कराया कि जून, 2011 में स्वीकृति मिलने के उपरांत निविदाएँ आमंत्रित कर ली गई हैं जो 21 नवंबर, 2011 को खुल जाएंगी उसके उपरांत छह माह में कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधि द्वारा दिये गये उत्तर को ध्यान में रखते हुए इस आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**आश्वासन क्रमांक : 150** **निर्णय : लंबित**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 195**
**दिनांक : 22.03.2010**

माननीय सदस्य श्री मतीन अहमद द्वारा शास्त्री पार्क चौराहे से धर्मपुरा तक पूर्वी पहुँच मार्ग को चौड़ा करने व शास्त्री पैलेस पर अंडरपास बनाने की योजना के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय विकास मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

स्वीकृति मिलने के बाद कार्य लगभग 9 माह में पूरा किया जाएगा। इस कार्य पर लगभग 872 लाख रुपये की लागत आयेगी।

**पृष्ठ -19/- पर जारी ..**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को अवगत कराया कि शास्त्री पार्क चौराहे से धर्म पुरा तक पूर्वी पहुँच मार्ग को चौड़ा करने का कार्य पूरा हो चुका है। अंडरपास बनाने की योजना को स्वीकृति हेतु भेज दिया गया है। जिसके मिलने के उपरांत कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधि द्वारा दिये गये उत्तर को ध्यान में रखते हुए इस आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

## रोजगार निदेशालय

**निर्णय : लंबित**

**आश्वासन क्रमांक: 80**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 201**
**दिनांक : 30.06.2009**

माननीय सदस्य श्री करण सिंह तंवर द्वारा रोजगार कार्यालय में अनियमितताओं के खिलाफ पिछले पाँच वर्षों में कितनी शिकायती आई हैं और उन शिकायतों पर कितने अधिकारियों के खिलाफ जाँच कराई गई और कितनों को दोषी पाया गया के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय उद्योग मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

यह सूचना मेरे पास नहीं है, मैं सूचना एकत्रित करके माननीय सदस्य को भिजवा दूंगा।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को बताया कि रोजगार कार्यालय में अनियमितताओं के खिलाफ पिछले पाँच वर्षों में ग्यारह शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन शिकायतों के आधार पर आठ अधिकारियों के विरुद्ध जाँच करवाई गई। अभी तक जाँचों के उपरांत दो अधिकारियों को दोषी पाया गया एवं एक अधिकारी को दोषमुक्त पाया गया। पाँच मामलों में जाँच अभी जारी है।

सभापति महोदय ने यह जानकारी चाही कि यह जाँच कितनी अवधि तक चलेगी। यह पूरक प्रश्न 30 जून, 2009 का है। क्या आपकी जाँच ढाई साल में भी पूरी नहीं हुई है?

समिति के माननीय सदस्य श्री नसीब सिंह द्वारा यह जानकारी माँगी गई कि यह पाँच अधिकारी जिनके खिलाफ कार्रवाई चल रही है, कब से रोजगार निदेशालय में कार्यरत है?

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि जाँच फाइनल स्टेज पर है और इसका निर्णय मार्च, 2012 तक कर दिया जाएगा और ये पाँचों अधिकारी एक्स कैडर के हैं।

सभापति महोदय ने इस आश्वासन को मार्च, 2012 तक लंबित रखने के निर्देश दिये।

**पृष्ठ -20/- पर जारी ..**

**आश्वासन क्रमांक : 81** **निर्णय : लंबित**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 201**
**दिनांक : 30.06.2009**

माननीय सदस्य श्री हरशरण सिंह बल्ली द्वारा रोजगार कार्यालय में अलग-अलग श्रेणियों के हैंडीकैप्ड व्यक्तियों के लिए कोटा निश्चित है और रोजगार कार्यालय उन व्यक्तियों को नौकरी नहीं दिलवा पाया है तथा उनका कोटा खाली क्यों पड़ा हुआ है। उक्त व्यक्तियों के कोटे को न भरने के क्या कारण हैं के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय उद्योग मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

मै जानकारी लेकर माननीय सदस्य के पास भिजवा दूंगा।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि

(1) विकलांग व्यक्तियों के लिए नियुक्ति में कोटा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा 3% तय है। दिल्ली रोजगार निदेशालय द्वारा सीधे रूप से कोई नियुक्ति नहीं की जाती है, अपितु नियोक्ता की मांग पर पंजीकृत अभ्यर्थियों के नाम भेजे जाते हैं। आरक्षण के अनुपालन का दायित्व नियोक्त पर है।

(2) रोजगार निदेशालय द्वारा रोजगार संबंधी सभी सेवाएँ ऑनलाइन प्रदान की जा रही है।

(3) दिनांक 01.01.2009 से 06.04.2010 की अवधि में कुल 84 विकलांग रिक्तियों हेतु 416 ऑर्थोपेडिकली, 93 नेत्रहीन एवं 12 अन्य विकलांग व्यक्तियों के नाम नियोक्ताओं को भेजे गए।

(4) यदि माननीय सदस्य की जानकारी में किसी विभाग में विकलांग रिक्तियाँ उपलब्ध हैं तो उसकी जानकारी दें ताकि इन रिक्तियों को भरने की कार्रवाई की जा सके।

समिति ने इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया कि यदि माननीय सदस्य के पास किस विभाग में नौकरी खाली है की जानकारी है तो विभाग को बता दें ताकि वहाँ पर किसी की नियुक्ति कर दी जाए। माननीय सदस्य श्री नसीब सिंह द्वारा यह कहा गया कि यह विभाग की जिम्मेदारी है कि वह सभी विभागाध्यक्षों को रिक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्र लिखें।

सभापति महोदय ने विभागीय प्रतिनिधि को निर्देश दिये कि दिये गये उत्तर को ठीक किया जाये, 3% कोटे को भरने के लिए तुरंत कार्रवाई की जाये और विकलांग व्यक्तियों के साथ हमदर्दी दिखाई जाये।

**पृष्ठ -21/- पर जारी ..**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति द्वारा दिये गये निर्देश का पालन करने का आश्वासन दिया।

सभापति महोदय ने इस आश्वासन को मार्च, 2012 तक लंबित रखने के निर्देश दिये।

**निर्णय : लंबित**

**आश्वासन क्रमांक : 82**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 201**
**दिनांक : 30.06.2009**

माननीय सदस्य श्री वीर सिंह धिंगान द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न, दिल्ली नगर निगम में बिना रोजगार रजिस्ट्रेशन के बड़े पैमाने पर नौकरियाँ दी जा रही हैं जो कि कानून का खुला उल्लंघन है। सरकार ने इस विषय में क्या कार्रवाई की है के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय उद्योग मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

मैं इसकी सूचना लेकर माननीय सदस्य को भिजवा दूंगा।

दिल्ली नगर निगम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति रोजगार पंजीकरण के बिना नहीं की जाती है। दिल्ली नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में मलेरिया मुख्यालय ने वर्ष 2008 में 231 मलेरिया बेलदार नियुक्त किए हैं, जिनकी भर्ती हाई कोर्ट के न्यायाधीश श्री पी.के. बहरी के आदेशानुसार 1987 से पहले कार्यरत मौसमी मलेरिया बेलदारों के हाई कोर्ट की वरिष्ठता सूची के अनुसार की गई है। वर्ष 2010 में 115 मलेरिया बेलदार (अनुबंधित आधार पर) करुणामूलक आधार पर वेलफेयर मेजर्स स्कीम के तहत नियुक्ति की गई है। इसमें रेगुलर मृतक कर्मचारी की पत्नी या बच्चों को ग्रुप डी की नौकरी दी जाती है। यह नियमानुसार है।

दिल्ली नगर निगम के पर्यावरण प्रबंधन सेवाएँ विभाग में क्षेत्रीय आधार पर एवजीदारों की नियुक्ति की जाती है, जिसके बारे में वरिष्ठता सूची के आधार पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बनाते हुए मुख्यालय द्वारा फेस मैनर प्रोग्राम के अंतर्गत इन्हें नियमित किया जाता है। मुख्यालय व क्षेत्रीय स्तर पर करुणामूलक आधार पर मृतक सफाई कर्मचारी के आश्रितों को गठित समिति द्वारा दैनिक वेतन भोगी/ऐवजीदार स्वच्छता कर्मचारी के पद पर विचार कर नियुक्त किया जाता है।

50 प्रतिशत सहायक सफाई निरीक्षक की नियुक्ति दिल्ली राज्य अधीनस्थ सेवाएँ द्वारा की जाती हैं। इसके अलावा सेनेट्री गाइड, सफाई निरीक्षक, मुख्य सफाई निरीक्षक व सफाई अधीक्षक को पदोन्नति आयुक्त महोदय द्वारा गठित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा की जाती है।

**पृष्ठ -22/- पर जारी ..**

दिल्ली नगर निगम में अन्य उच्चतर श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति डी.एस.एस.एस.बी. द्वारा की जाती है।

समिति ने इस बात पर रोष प्रकट किया कि ठेकेदारी प्रथा के अंतर्गत रखी गई लेबर को एजेंसियों द्वारा पूरा वेतन नहीं दिया जाता। इसके लिए यह सुझाव दिया गया कि चैक द्वारा अथवा ईसीएस से वेतन का भुगतान किया जाये। अगर एजेंसियाँ नियम का पालन न करे तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाये।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि इस संबंध में भारत सरकार में मामला विचाराधीन है और नियम बनाने के विषय में विचार चल रहा है। यह मामला माननीय उच्च न्यायालय के सामने भी आया है और निर्देश दिये हैं कि प्लेसमेंट एजेंसियों की चैकिंग करवाकर उसकी जानकारी प्राप्त की जाये। जिन व्यक्तियों को न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है ऐसे मामले डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में भी चल रहे हैं।

सभापति महोदय ने इस आश्वासन को मार्च, 2012 तक लंबित रखने के निर्देश दिये।

## शहरी विकास विभाग

**निर्णय : लंबित**

**आश्वासन क्रमांक : 130**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 77**
**दिनांक : 17.03.2010**

माननीय सदस्य श्री सुभाष सचदेवा द्वारा कीर्ति नगर में निर्मित किये जा रहे भूमिगत जलाशय के कार्य के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

यह कार्य दिसम्बर, 2010 तक पूर्ण हो जाने की संभावना है हालांकि जलाशय को आंशिक रूप से चालू करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि कीर्ति नगर जलाशय की परिधीय पानी की लाइन का कार्य अप्रैल, 2011 तक पूरा किया जाना था परन्तु सड़क काटने की अनुमति में दिल्ली नगर निगम द्वारा देरी और वर्षा के मौसम के जल्दी शुरू होने के कारणवश परिधीय पानी की लाइन के कार्य में विलंब हुआ है।

यह काम लगभग 98 प्रतिशत पूरा हो गया है और जनवरी, 2012 तक चालू होने की संभावना है।

**पृष्ठ -23/- पर जारी ..**

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तरों से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**आश्वासन क्रमांक : 131** **निर्णय : लंबित**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 81**
**दिनांक : 17.03.2010**

माननीय सदस्य श्री मनोज कुमार द्वारा मुण्डका विधान सभा क्षेत्र में मुण्डका व कराला में यू.जी.आर. बनाने की योजना के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

कराला में यू.जी.आर. के निर्माण की निविदा आमंत्रण प्रक्रिया में है तथा यू.जी.आर. का निर्माण कार्य अक्टूबर, 2010 में शुरू होने की सम्भावना है।

मुण्डका यू.जी.आर. का कार्य नवम्बर, 2010 में शुरू होना सम्भावित है।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि कराला भूमिगत जलाशय एवं बूस्टर पम्पिंग स्टेशन एवं परिधीय लाइनों के बिछाने के कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रक्रिया में है। तदोपरान्त निविदा आमंत्रित की जायेगी।

मुण्डका में भूमिगत जलाशय के लिए तकनीली सलाहकार नियुक्त किया जा रहा है। उपरोक्त कार्य अगले वित्त वर्ष में आरम्भ होने की सम्भावना है।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधि द्वारा दिये गये उत्तरों से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**आश्वासन क्रमांक : 237** **निर्णय : लंबित**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 296**
**दिनांक : 01.12.2010**

माननीय सदस्य श्री श्याम लाल गर्ग द्वारा मुल्तान नगर तथा पश्चिम विहार (पूर्व) मेट्रो स्टेशन के बीच सर्विस रोड, उत्तरी दिशा में रोहतक रोड के साथ संलग्न ड्रेन के टूटने से ब्लॉक हो गय है तथा परिणामस्वरूप क्षेत्रवासियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय वित्त मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

यह कार्य मार्च, 2011 तक तहबाजारी हटाने के पश्चात् पूरा कर दिया जाएगा।

**पृष्ठ -24/- पर जारी ..**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि नाले पर बनी तहबाजारी हटनी शुरू हो गई है तथा नाले के निर्माण का कार्य मार्च, 2012 तक कर लिया जाएगा।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधि द्वारा दिये गये उत्तरों से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**आश्वासन क्रमांक : 238** **निर्णय : लंबित**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 297**
**दिनांक : 01.12.2010**

माननीय सदस्य श्री श्याम लाल गर्ग द्वारा पश्चिम विहार में कॉलेज/आईटीआई हेतु डीडीए से जमीन मांगने व पश्चिम विहार में सीनियर सिटिजन होम बनाने के लिए डीडीए से भूमि आबंटन के संबंध में उठाये गये प्रश्नों के उत्तर में माननीय वित्त मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

इस संबंध में डीडीए में मामला विचाराधीन है।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि दिल्ली विकास प्राधिकरण के भूमि सम्भाग (Land Branch) से दिल्ली विकास प्राधिकरण के योजना विभाग ने एप्रूव्ड प्लान का अनुरोध किया है, जिस पर दिल्ली मुख्य योजना 2021 के अंतर्गत अवलोकन व निरीक्षण किया जा रहा है। तत्पश्चात् प्लान को अनुमोदन कंपीटेंट अथोरिटी के समक्ष रखा जाना प्रस्तावित है।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधि द्वारा दिये गये उत्तरों से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये।

**आश्वासन क्रमांक : 239** **निर्णय : लंबित**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 298**
**दिनांक : 01.12.2010**

माननीय सदस्य श्री श्याम लाल गर्ग द्वारा ए-4 ब्लॉक में सुप्रिया अपार्टमेंट के साथ पार्क बनाने के लिए भू-उपयोग परिवर्तित करके एक भूमि प्लांट चिन्हित किया गया था और उक्त पार्क कब तक बन जाएगा के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में माननीय वित्त मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि-

उपरोक्त के सन्दर्भ में सूचना दिल्ली विकास प्राधिकरण से एकत्रित की जा रही है।

**पृष्ठ -25/- पर जारी ..**

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को अवगत कराया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण के योजना विभाग द्वारा आउट प्लान में पूर्व प्रस्तावित प्राथमिक विद्यालय के स्थान पर लगभग 7018 वर्गमीटर के समीपवर्ती पार्क व 2000 वर्गमीटर वाले प्राथमिक विद्यालय भूमि का प्रावधान कर दिया है। इस योजना पर दिनांक 24.09.2009 को स्क्रीनिंग कमेटी मीटिंग द्वारा अनुमोदित करवाकर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को भेज दी गई थी।

पार्क की दीवार, फुटपाथ, रेनशेल्टर एवं गेट बनाने का कार्य किया जा रहा है। 20 मार्च, 2012 तक उक्त पार्क विकसित कर दिया जाएगा।

समिति अध्यक्ष ने अगली बैठक में दिल्ली विकास प्राधिकरण के डब्ल्यूडी-7 विभागाध्यक्ष को बुलाने के लिए निर्देश दिये व आश्वासन को लंबित रखा।

अंत में, सभापति महोदय ने सभी का धन्यवाद करते हुए समिति की बैठक स्थगित की।

## शिक्षा विभाग

**निर्णय: लम्बित**

**आश्वासन संख्या-04**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 139**
**दिनांक 24.06.2009**

माननीय सदस्य श्री सुभाष सचदेवा द्वारा **दिल्ली में एवं मोती नगर विधान सभा क्षेत्र में कितने स्कूल ऐस्बेटॉस व टिन शेड में चल रहे हैं और कब तक इनके पक्के भवन बना दिए जाएंगे** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया था कि - **जगह की उपलब्धता के आधार पर पुराने जर्जर ऐस्बेटॉस व टिन की छत वाले कमरों की जगह एसपीएस कमरे बनाए जाने का प्रस्ताव है। कुछ विद्यालयों में यह कार्य हो चुका है तथा अन्य विद्यालयों में प्रक्रिया जारी है।**

विभागीय प्रतिनिधियों ने बताया कि मोती नगर इलाके में स्थित तीन स्कूलों में से दो में काम शुरू हो गया है और एसपीबी मोती नगर की सर्वे रिपोर्ट आनी है और उसके बाद उसका काम भी शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा ईस्ट पंजाबी बाग के स्कूल का अपग्रेडेशन तीन-चार महीने में कर दिया जाएगा।

**पृष्ठ -26/- पर जारी ..**

माननीय सदस्य श्री नसीब सिंह ने अपने विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सूरजमल विहार विश्वास नगर, प्रीत विहार आदि इलाकों में स्थित स्कूलों की स्थिति के बारे में जानकारी चाही।

विभागीय प्रतिनिधियों ने बताया कि सभी मामलों को रिव्यू कर इसके बारे में जानकारी दे दी जाएगी एवं काम शुरू किया जाएगा।

समिति ने ग्यारहवीं क्लास में छात्रों के प्रवेश का मामला उठाते हुए कहा कि छात्रों को ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है और अगर मिल भी रहा है तो उनका मन पंसद विषय यानि साइंस/कार्मस नहीं मिल रहा है क्योंकि सभी सरकारी स्कूलों में सांइस/कार्मस विषय नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करे कि ग्यारहवीं कक्षा में किसी भी छात्र को प्रवेश में दिक्कत न हो समिति ने यह भी चिंता जताई कि एडमिशन के लिए 10 प्रतिशत मार्क बढ़ा दिए गए हैं जोकि बहुत अधिक है इसको कम किया जाना चाहिए।

विभागीय प्रतिनिधियों ने बताया कि विभाग छात्रों के प्रवेश के संबंध में बिल्कुल चिंतित है और इसीलिए विभाग ने 20 जुलाई तक प्रवेश दिए जाने की तिथि बढ़ा दी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि हर बच्चे को प्रवेश दिया जाएगा।

माननीय सदस्य श्री सुभाष सचदेवा ने अपने विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत डी.सी.एम. स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा जन-प्रतिनिधियों की सिफारिशों को तरजीह न देने का मामला उठाया।

विभागीय प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में उचित कार्यवाही करेंगे।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तर से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये ।**

**निर्णय: लम्बित**

**आश्वासन संख्या-09**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 03**
**दिनांक 16.06.2009**

माननीय सदस्य श्री साहब सिंह चौहान द्वारा रघुबर दयाल जन कल्याण उच्चत माध्यमिक विद्यालय भजन पुरा के जर्जर भवन के निर्माण की क्या प्रगति है के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय शिक्षा मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि - **दिनांक 08.06.2009 को वर्क अवार्ड कर दिया गया है और दिनांक 31.10.2009 तक कार्य समाप्त कर दिए जाएगा जिससे वहां पर कमरों की स्थिति ठीक हो जाएगी।**

पृष्ठ -27/- पर जारी ..

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को बताया कि इस स्कूल का भवन जर्जर स्थिति में है और इसकी मरम्मत कराने का कोई फायदा नहीं है क्योंकि मरम्मत के बाद भी इसका इस्तेमाल करना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस भवन को दुबारा से पूरा बनाने की आवश्यकता है और इसके लिये विभाग ने दिल्ली विकास प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि भजनपुरा थाने के पास स्थित पार्क में टैम्परेरी शैड्स लगाने की अनुमति दे दी जाये ताकि स्कूल वहां पर शिफट किया जा सके और स्कूल भवन का निर्माण किया जा सकेऔर बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े। परन्तु दिल्ली विकास प्राधिकरण से अभी तक इस संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है जिसके कारण इस कार्य में विलम्ब हो रहा है।

समिति ने आश्वासन को लम्बित रखते हुए विभागीय प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि तीन महीने के भीतर इस संदर्भ में पूर्ण विवरण समिति के अवलोकनार्थ भिजवायें।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तर से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये ।**

**आश्वासन संख्या-354** **निर्णयः लम्बित**
**अतारांकित प्रश्न संख्याः 84**
**दिनांक 30.08.2011**

माननीय सदस्य श्री श्याम लाल गर्ग द्वारा **सरस्वती विहार सी ब्लाक स्कूल की कब तक नई बिल्डिंग बना दी जायेगी और इस तर कितनी धनराशि खर्च होगी** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया था कि - **उक्त विद्यालय के खतरनाक घोषित भवन को गिराने का प्रस्ताव अनुमति हेतु वित्त विभाग को भेजा गया है,इसके उपरांत इस विद्यालय में भवन के स्थान पर 50 एस पी एस कमरे बनाये जाने का प्रस्ताव है।**

विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को जानकारी दी कि इस कार्य के लिये डीएसआईडीसी को एस्टीमेट बनाकर भेजे गये थे जिन्होंने एस्टीमेंट वित्त विभाग को भेज दिये हैं लेकिन वित्त विभाग ने यह कहकर प्रस्ताव को लौटा दिया कि इसकी जगह पक्का भवन बनाया जाये। अब दिल्ली सरकार ने इस कार्य को लोक निर्माण विभाग को स्थानांतरित कर दिया है और लोक निर्माण विभाग से एस्टीमेट आदि आने के बाद यह कार्य आरम्भ किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि स्वीकृति मिलते ही पूरे एस्टीमेट बनाकर टेंडर प्रक्रिया आरम्भ कर दी जायेगी। डेढ़ महीने में प्रोसेस पूरा करके एक साल में कमरे तैयार कर दिये जायेंगे।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि शीघ्र ही सारी कार्रवाई पूरी करके काम शुरू किया जाये और डेढ़ महीने बाद इस आश्वासन को पुन: लिया जायेगा तब पूरी रिपोर्ट समिति को दी।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तर से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये ।**

**निर्णय: लम्बित**

**आश्वासन संख्या-387**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 04**
**दिनांक 10.01.2012**

माननीय सदस्य श्री साहब सिंह चौहान द्वारा **आर डी जे के सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भजनपुरा को शिफट कर भवन बनाने में क्या प्रगति है और उक्त भवन कब बनना प्रारम्भ होने** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय शिक्षा मंत्री जी ने आश्वासन दिया गया कि - **डीडीए से भूमि प्राप्त होते ही भवन निर्माण प्रक्रिया आरम्भ कर दी जायेगी**।

विभागीय प्रतिनिधियों ने बताया कि इस भवन को दुबारा से पूरा बनाने की आवश्यकता है और इसके लिये विभाग ने दिल्ली विकास प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि भजनपुरा थाने के पास स्थित पार्क में टैम्परेरी शैडस लगाने की अनुमति दे दी जाये ताकि स्कूल वहां पर शिफट किया जा सके और स्कूल भवन का निर्माण किया जा सके और बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े। परन्तु दिल्ली विकास प्राधिकरण से अभी तक इस संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है जिसके कारण इस कार्य में विलम्ब हो रहा है।

समिति ने आश्वासन को लम्बित रखते हुए विभागीय प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि इस संदर्भ में शीघ्र कार्रवाई करें एवं इस संदर्भ में पूर्ण विवरण समिति के अवलोकनार्थ भिजवायें।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये उत्तर से असंतोष प्रकट किया और आश्वासन को लंबित रखने के निर्देश दिये ।**

**पृष्ठ -29/- पर जारी ..**

अनुलग्नक-3

# पूरे कर लिये गये आश्वासनों का संक्षिप्त विवरण

## सिंचाई एवं बाढ़ विभाग

| क्रम सं0 | आश्वासन/प्रश्न सं0 एवं दिनाँक | सम्बन्धित सदस्य | विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | आश्वासन क्रमांक : 182<br>अता. प्रश्न संख्या : 215<br>दिनांक : 22.03.2010 | श्री कुलवंत राणा | बाहरी दिल्ली में मंगोलपुरी से आउटर रिंग रोड वजीराबाद तक सप्लीमेंट्री ड्रेन के दोनों ओर चारदीवारी करवाने के संबंध में |
| 2. | आश्वासन क्रमांक : 183<br>अता. प्रश्न संख्या : 220<br>दिनांक : 22.03.2010 | श्री हसन अहमद | मुस्तफाबाद में स्थित ब्रजपुरी से चांद बाग की पुलिया के बीच बहने वाले नाले की खराब हालत के संबंध में |

## शहरी विकास विभाग

| क्रम सं0 | आश्वासन/प्रश्न सं0 एवं दिनाँक | सम्बन्धित सदस्य | विषय |
|---|---|---|---|
| 3. | आश्वासन क्रमांक : 126<br>तारांकित प्रश्न संख्या : 24<br>दिनांक : 17.03.2010 | चौ. मतीन अहमद | शास्त्री पार्क नं. 2 में भूमिगत जलाशय का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाएगा के संबंध म |
| 4. | आश्वासन क्रमांक : 127<br>तारांकित प्रश्न संख्या : 29<br>दिनांक : 17.03.2010 | श्री रमेश बिधूड़ी | माँ आनन्दमयी मार्ग पर भूमिगत जलाशय का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा एवं किन स्त्रोतों से पानी उपलब्ध कराया जाएगा और इस जलाशय से पानी की आपूर्ति के लिए पाइप लाइन कब तक डाल दी जाएगी के संबंध में |

पृष्ठ -30/- पर जारी ..

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | आश्वासन क्रमांक : 128<br>तारांकित प्रश्न संख्या : 33<br>दिनांक : 17.03.2010<br>द्वारा | श्री सुरेन्द्रपाल रातावाल | चन्द्रावल में पानी के चैनल की मरम्मत और सफाई कार्य होने के कारण करोलबाग विधान सभा क्षेत्र में दिनांक 23.07.2009 से प्रातःकाल एक ही समय पानी दिया जाने के संबंध में |
| 6. | आश्वासन क्रमांक : 129<br>अता. प्रश्न संख्या : 73<br>दिनांक : 17.03.2010 | श्री साहब सिंह चौहान | जगजीत नगर, करतार नगर, उस्मानपुर, एक्स ब्लॉक ब्रह्मपुरी, घोंडा, गौतम विहार, गावड़ी व गावड़ी विस्तार, जयप्रकाश नगर में प्रतिदिन सीवर, मेनहॉलों में ओवरफ्लो के संबंध में |
| 7. | आश्वासन क्रमांक:114 तारांकित प्रश्न संख्या-65<br>दिनांक 14.12.2009 | श्री धर्मदेव सोलंकी | पालम गांव में तीन स्थानों पर बारात घर बनाने का कार्य कब तक प्रारम्भ करने, पूरा करने एवं इन पर कितना खर्च आयेगा, के संदर्भ में |
| 8. | आश्वासन संख्या-115<br>अता. प्रश्न संख्या:187<br>दिनांक 14.12.2009 | श्री सुरेन्द्र कुमार | गोकुलपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत **नालों की मरम्मत, नालों के साथ बने रोड की मरम्मत का कार्य पूरा किये जाने** के संबंध में |
| 9. | आश्वासन संख्या-116<br>अता. प्रश्न संख्या:189<br>दिनांक 14.12.2009 | डॉ.एस.सी.एल.गुप्ता | संगम विहार विधान सभा क्षेत्र में **सिंचाईं एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा लम्बित कार्यों को पूरा किये जाने** के संबंध में |

## लोक निर्माण विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | आश्वासन क्रमांक : 102<br>तारांकित प्रश्न संख्या : 38<br>दिनांक : 10.12.2009 | श्री साहब सिंह चौहान | **खजूरी खास से शास्त्री पार्क तक एस.एम. बांध रोड के समानान्तर सर्विस रोड के निर्माण** संबंधी अनुमान तैयार करने के संबंध में |

पृष्ठ -31/- पर जारी ..

| | | | |
|---|---|---|---|
| **शिक्षा विभाग** | | | |
| 11 | **आश्वासन संख्या-10**<br>**तारा. प्रश्न संख्या: 290**<br>दिनांक 24.06.2009 | **श्री मोहन सिंह बिष्ट** | **करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत खजूरी स्थित वरिष्ठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व माध्यमिक विद्यालय टिन शेड में चल रहे हैं तथा यहां पर विद्यालय भवन कब तक बनकर तैयार हो जायेगा** के संबंध में |
| 12 | **आश्वासन संख्या-350**<br>**तारा. प्रश्न संख्या: 031**<br>दिनांक 30.08.2011 | **श्री अनिल कुमार** | **राजकीय सहशिक्षा विद्यालय खिचड़ीपुर गांव व ई ब्लाक पश्चिम विनोद नगर और राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय मण्डावली में निर्माण कार्य की एजेंसी का क्या नाम है एवं ये निर्माण कार्य कब तक पूरे हो जायेंगे** के संबंध में |
| 13 | **आश्वासन संख्या-388**<br>**तारांकित प्रश्न संख्या: 05**<br>दिनांक 10.01.2012 | **श्री नसीब सिंह** | **पूर्वी दिल्ली के विद्यालयों में प्रधानाचार्यों एवं अध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं एवं इन पदों को कब तक भर दिया जायेगा** के संबंध में |

पृष्ठ -32/- पर जारी ..

अनुलग्नक-4

# समिति की बैठकों में विचार-विमर्श के उपरान्त लम्बित आश्वासनों का संक्षिप्त विवरण

## सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग

| क्रम सं0 | प्रश्न/आश्वासन सं0 एवं दिनाँक | सम्बन्धित सदस्य | विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | **आश्वासन क्रमांक : 180**<br>**तारांकित प्रश्न संख्या : 211**<br>**दिनांक : 31.03.2010** | **श्री श्याम लाल गर्ग** | नजफगढ़ ड्रेन के किनारों पर रिंग रोड और आउटर रिंग रोड के बीच भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में |
| 2. | **आश्वासन क्रमांक : 181**<br>**अता. प्रश्न संख्या : 213**<br>**दिनांक : 22.03.2010** | **श्री जय किशन** | **सुलतान पुरी और मंगोल पुरी के बीच स्थित सप्लीमैंटरी ड्रेन पर नए पुलों के निर्माण कार्य कब तक शुरू होंगे** के संबंध में |
| 3. | **आश्वासन संख्या-355**<br>**तारांकित प्रश्न संख्या: 40**<br>**दिनांक 30.08.2011** | श्री श्याम लाल गर्ग | **पश्चिम विहार क्षेत्र में नजफगढ़ ड्रेन के किनारे बनी सड़क को कब तक सुधार दिया जाएगा** के संबंध में |

## लोक निर्माण विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | **आश्वासन क्रमांक : 103**<br>**अता. प्रश्न संख्या : 111**<br>**दिनांक : 10.12.2009** | **चौ. सुरेन्द्र कुमार** | **मंडौली जेल रोड का निर्माण का कार्य करने** के संबंध में |
| 5. | **आश्वासन क्रमांक : 104**<br>**अतारांकित प्रश्न संख्या : 112**<br>**दिनांक : 10.12.2009** | **श्री सुरेन्द्र कुमार** | **जौहरीपुर रोड की खराब हालत** के संबंध में |
| 6. | **आश्वासन क्रमांक : 105**<br>**अता. प्रश्न संख्या : 113**<br>**दिनांक : 10.12.2009** | **श्री सुरेन्द्र कुमार** | **नरेला, बादली व घेवरा में रेलवे क्रॉसिंग पर फलाई ओवर/ओवर ब्रिज बनाने की योजना** के संबंध में |

**पृष्ठ -33/- पर जारी ..**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | आश्वासन क्रमांक : 106<br>अता. प्रश्न संख्या : 114<br>दिनांक : 10.12.2009 | श्री सुरेन्द्र कुमार | **शहर से बवाना औद्योगिक क्षेत्र में जाने के लिए किसी भी सड़क को चौड़ा करने या फिर नई सड़क बनाने की योजना** के संबंध में |
| 8. | आश्वासन क्रमांक : 146<br>तारांकित प्रश्न संख्या : 82<br>दिनांक : 22.03.2010 | श्री श्याम लाल गर्ग | **मधुबन चौक से जनकपुरी तक रिंग रोड के साथ वाली सर्विस लाइन को बनाने** के संबंध में |
| 9. | आश्वासन क्रमांक : 148<br>अता. प्रश्न संख्या : 193<br>दिनांक : 22.03.2010 | श्री मनोज कुमार | **मुण्डका विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत नांगलोई चौक से टिकरी बॉर्डर तक सड़क की खराब हालत** के संबंध में |
| 10. | आश्वासन क्रमांक : 149<br>अता.प्रश्न संख्या : 194<br>दिनांक : 22.03.2010 | श्री मतीन अहमद | **सीलमपुर विधान सभा के अंतर्गत पूर्वी पहुँच मार्ग पर पिछले छह वर्षों से स्ट्रेंथनिंग का कार्य न होने के संबंध** में |
| 11. | आश्वासन क्रमांक : 150<br>अता. प्रश्न संख्या : 195<br>दिनांक : 22.03.2010 | श्री मतीन अहमद | शास्त्री पार्क चौराहे से धर्मपुरा तक पूर्वी पहुँच मार्ग को चौड़ा करने व शास्त्री पैलेस पर अंडरपास बनाने की योजना के संबंध में |
| | | **रोजगार निदेशालय** | |
| 12. | आश्वासन क्रमांक: 80<br>तारांकित प्रश्न संख्या : 201<br>दिनांक : 30.06.2009 | श्री करण सिंह तंवर | रोजगार कार्यालय में अनियमितताओं के खिलाफ पिछले पाँच वर्षों में कितनी शिकायती आई हैं और उन शिकायतों पर कितने अधिकारियों के खिलाफ जाँच कराई गई और कितनों को दोषी पाया गया के संबंध में |
| 13. | आश्वासन क्रमांक : 81<br>तारांकित प्रश्न संख्या : 201<br>दिनांक : 30.06.2009 | श्री हरशरण सिंह बल्ली | रोजगार कार्यालय में अलग-अलग श्रेणियों के हैंडीकैप्ड व्यक्तियों के लिए कोटा निश्चित है और रोजगार कार्यालय उन व्यक्तियों को नौकरी नहीं दिलवा पाया है तथा उनका कोटा खाली क्यों पड़ा हुआ है। उक्त व्यक्तियों के कोटे को न भरने के क्या कारण हैं के संबंध में |
| 14. | आश्वासन क्रमांक : 82<br>तारांकित प्रश्न संख्या : 201<br>(पूरक प्रश्न)<br>दिनांक : 30.06.2009 | श्री वीर सिंह धिंगान | दिल्ली नगर निगम में बिना रोजगार रजिस्ट्रेशन के बड़े पैमाने पर नौकरियाँ दी जा रही हैं जो कि कानून का खुला उल्लंघन है। सरकार ने इस विषय में क्या कार्रवाई की है के संबंध में |

पृष्ठ -34/- पर जारी ..

## शहरी विकास विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | आश्वासन क्रमांक : 130<br>अता. प्रश्न संख्या : 77<br>दिनांक : 17.03.2010 | श्री सुभाष सचदेवा | कीर्ति नगर में निर्मित किये जा रहे भूमिगत जलाशय के कार्य के संबंध में |
| 16. | आश्वासन क्रमांक : 131<br>अतारांकित प्रश्न संख्या : 81<br>दिनांक : 17.03.2010 | श्री मनोज कुमार | मुण्डका विधान सभा क्षेत्र में मुण्डका व कराला में यू.जी.आर. बनाने की योजना के संबंध में |
| 17. | आश्वासन क्रमांक : 237<br>अता. प्रश्न संख्या : 296<br>दिनांक : 01.12.2010 | श्री श्याम लाल गर्ग | मुल्तान नगर तथा पश्चिम विहार (पूर्व) मेट्रो स्टेशन के बीच सर्विस रोड, उत्तरी दिशा में रोहतक रोड के साथ संलग्न ड्रेन के टूटने से ब्लॉक हो गय है तथा परिणामस्वरूप क्षेत्रवासियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है के संबंध में |
| 18. | आश्वासन क्रमांक : 238<br>अता. प्रश्न संख्या : 297<br>दिनांक : 01.12.2010 | श्री श्याम लाल गर्ग | पश्चिम विहार में कॉलेज/आईटीआई हेतु डीडीए से जमीन मांगने व पश्चिम विहार में सीनियर सिटिजन होम बनाने के लिए डीडीए से भूमि आबंटन के संबंध में |
| 19. | आश्वासन क्रमांक : 239<br>अता. प्रश्न संख्या : 298<br>दिनांक : 01.12.2010 | श्री श्याम लाल गर्ग | ए-4 ब्लॉक में सुप्रिया अपार्टमेंट के साथ पार्क बनाने के लिए भू-उपयोग परिवर्तित करके एक भूमि प्लांट चिन्हित किया गया था और उक्त पार्क कब तक बन जाएगा के संबंध में |

## शिक्षा विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20. | आश्वासन संख्या-04<br>तारांकित प्रश्न संख्या: 139<br>दिनांक 24.06.2009 | श्री सुभाष सचदेवा | दिल्ली में एवं मोती नगर विधान सभा क्षेत्र में कितने स्कूल ऐस्बेटॉस व टिन शेड में चल रहे हैं और कब तक इनके पक्के भवन बना दिए जाएंगे के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में |
| 21. | आश्वासन संख्या-09<br>तारांकित प्रश्न संख्या: 03<br>दिनांक 16.06.2009 | श्री साहब सिंह चौहान | रघुबर दयाल जन कल्याण उच्चत माध्यमिक विद्यालय भजन पुरा के जर्जर भवन के निर्माण की क्या प्रगति है के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में |

पृष्ठ -35/- पर जारी ..

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | **आश्वासन संख्या-354 अतारांकित प्रश्न संख्या: 84** दिनांक 30.08.2011 | **श्री श्याम लाल गर्ग** | **सरस्वती विहार सी ब्लाक स्कूल की कब तक नई बिल्डिंग बना दी जायेगी और इस तर कितनी धनराशि खर्च होगी** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में |
| 23. | **आश्वासन संख्या-387 तारांकित प्रश्न संख्या: 04** दिनांक 10.01.2012 | **श्री साहब सिंह चौहान** | **आर डी जे के सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भजनपुरा को शिफट कर भवन बनाने में क्या प्रगति है और उक्त भवन कब बनना प्रारम्भ होने** के संबंध में उठाये गये प्रश्न के संदर्भ में |